# Order Sheet (subsequent)

राजस्थान राज्य बनाम सुनील वगै०

सेशन प्रकरण संख्या : 11/2023

| Date | Order with initials of Presiding Officer | Brief note of compliance of the order |
|---|---|---|
| 24.02.2026<br>Sunil<br>(मोहनलाल ASI) | लोक अभियोजक उपस्थित। अभियुक्त सुनील मीणा वर जमानत मय अधिवक्ता उपस्थित। अन्य अभियुक्तगण सुरेन्द्र व महावीर अनुपस्थित, जिनकी हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र जरिये अधिवक्ता पेश हुआ, जो आज के लिए स्वीकार किया गया। प्रकरण में अन्य अभियुक्त शिवभरत मफरूर है।<br>साक्ष्य में गवाह मोहनलाल यादव उपस्थित। अधिवक्ता अभियुक्त द्वारा गवाह (पी.ड.11) मोहनलाल से जिरह हेतु अवसर चाहा। अधिवक्ता अभियुक्त को इस शर्त के साथ अवसर दिया गया कि आइंदा पेशी पर गवाह से जिरह हेतु अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। गवाह मोहनलाल को आगामी पेशी हेतु पाबंद किया जाकर रूखसत किया गया।<br>अधिवक्ता अभियुक्तगण की ओर से जवाब प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया। नकल लोक अभियोजक को दिलाई गई। उभय पक्षकारान द्वारा बहस प्रार्थना–पत्र को अवसर चाहा।<br>पत्रावली वास्ते बहस प्रार्थना–पत्र हेतु दिनांक 27.02.2026 को पेश हो।<br>सत्यनारायण टेलर<br>जिला एवं सेशन न्यायाधीश<br>बारां (राज.) | |